# प्रतिवेदन

**परियोजना का नाम :–** राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी में उडामांडा–तल्ला बिनगढ़–खुनीगाड़–कुमेड़ा मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.68 है० सिविल, 0.35 है० वन पंचायत भूमि एवं मक डिस्पोजल हेतु 0.48 है० कुल भूमि 2.51 है० भूमि का लो०नि०वि० को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी में उडामांडा से तल्ला बिनगढ़–खुनीगाड़–कुमेड़ा तक मोटर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति शासनादेश संख्या 6970/111(2)/13–40(प्रा0आ0)/2013 दिनांक 14/12/2013 के द्वारा 10.00 कि०मी० लम्बाई हेतु लागत रू0 90.90 लाख की प्राप्त हुई है। मार्ग निर्माण की वास्तविक लम्बाई 6.225 कि०मी० आती है। प्रस्तावित मोटर मार्ग उडामांडा से प्रारम्भ होकर तल्ला बिनगढ़–खुनीगाड़–कुमेड़ा गाँव तक जाता है। इस मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम– तल्ला, बिनगढ़, खुनीगाड़, कुमेड़ा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे तथा ग्रामीण एवं पिछडे क्षेत्र यातायात से जुड जायेंगे। इनका समग्र विकास होगा तथा साथ ही ग्रामीणों का तहसील मुख्यालय पोखरी से सीधा सम्पर्क हो सकेगा। ग्रामीण को अपनी नगदी फसलों को बाजार तक लाने में सुविधा होगी जिससे वे फसल उचित दाम .पर बेच सकेंगे जिससे ग्रामीणों को आर्थिक लाभ मिलेगा।

मार्ग का संरेखण इस प्रकार निर्धारित किया गया है की मार्ग निर्माण न्यूनतम सिविल वन भूमि से गुजरे एवं कम से कम वृक्षों का पातन हो। मार्ग पर पड़ने वाली भूमि का विवरण निम्न प्रकार से हैं।

| | |
|---|---|
| 1--नाप भूमि 3325 मी० x 7 मी० | = 2.3275 है० |
| 2–सिविल वन भूमि  00 मी० x 7 मी० | = 1.68 है० |
| 3– वन पंचायत 500 मी० x 7 मी० | = 0.35 है० |
| 4–मक डिस्पोजल हेतु (वनभूमि) | = 0.48 है० |
| 5- मक डिस्पोजल हेतु (नाप भूमि) | = 0.42 है० |
| योग :– | = 5.2575 है० |

अतः मार्ग निर्माण हेतु 2.51 है० सिविल/आरक्षित वन भूमि एवं मक डिस्पोजल प्लान सहित प्रस्ताव गठित कर लो०नि०वि० को हस्तान्तरण करने हेतु प्रस्तुत किया गया हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अमीन | कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
| नि०ख०,लो०नि०वि० | निर्माण खण्ड लो०नि०वि० | निर्माण खण्ड लो०नि०वि० | निर्माण खण्ड लो०नि०वि० |
| पोखरी | पोखरी | पोखरी | पोखरी |